““Gone are the days when grandma and aunties used to move around liberally sprinkling the blessings of begetting seven sons to al those, who cared. In return daughters-in-law blushed and visibly felt grateful ““When this blessing bore fruit in my household, it was obviously a cause for pain and anxiety in more ways than one. Fresher (parents) would endorse my perception that each tiny tot today demands a hamper, preferably a gift hamper won by the infant or the proud mother to be. This hamper should ideally contain mobile (of course ! Of next generation) latest luxury car and a laptop besides membership of a disc (short for disco, we thought we had already shortened discotheque to disco and it couldn’t be shortened further)“ “First thing first, the emergent need as I felt was that of his admission to a public school. Basically, I toe the line whenever and whatever and feel immensely comfortable in doing so. A great protagonist of status-quo – a distinct feature of the middle class man that I am. Therefore, one fine evening equipped with a long list of schools, I set for hitherto, uncharted route just like Gulliver. First school I visited, the car parking itself was overcrowded and they had hung a board of ‘No Admission’ there itself. Crane operators were doing overtime in towing away the prized catch. Everyone was rushing towards the school campus as the watchman was about to close the main gate. We were breathless, nonetheless joyously pranking like kids. As soon as we stepped in, the main gate automatically snapped shut.““A young father with a sheepish grin was distributing sweets to the crowd. Last year he could not make it and the main gate was shut on his face. The onlookers who were on the wrong side of the gate were giving us envious look. One gate in between had split us into Haves and Have-nots. We felt as if we were the latest heartthrob film stars and were there to play a night cricket match.“The guy next to me in the queue dressed like an M.t.v. VJ disclosed that he is into a ‘live-in’ relationship for the last couple of years but his ‘gal’ has refused any more truck with him unless he succeeds in obtaining a prospectus of this school. ‘Dough is no probs’ he said. She too was a product of this school““This school is most expensive, hence, most prestigious and sought after. It has half a dozen film actors, a dozen industrialists and a large number of dropouts to be proud of, who have made it big in whatever avocation they entered into be it politics, extortion or car-racing.“No sooner the counter opened, it was closed. Only lucky few succeeded in getting the form blank, others were turned blank, though they kept addressing the counter clerk as sir, Saab, uncle, mai- baap, grandpa etc. Everyone had some reference or name to ‘drop’. “ I am sent by Grover”, “Mrs. Malhotra has sent me “, “ I come from CM house”, “ I am from PMO”, “I am from Police HQ” etc. etc. The counter clerk was trained in not showing any signs of listening to them much less appear impressed by such utterances.““Come what may. All those who didn’t get form were moaning, sobbing and in no time began crying loudly. “But quite a few hadn’t lost their nerves and were busy frantically calling on their cell while rushing to next school in their

list. Everyone was in a haste to drive out first. It was like a car chasing scene from a western thriller. The whole site resembled as if Godzilla has entered the town ""I had succeeded in roping in quite a few of my relations, friends, neighbours and office colleagues to help me in obtaining prospectus of as many schools as humanly possible. To each one I had promised as per his ability, from a lavish treat in the neighbouring fast food joint to out-of-turn promotions. ""By the end of the month, I had collected prospectus of half a dozen schools. I had already got 150 copies of passport size photographs of my child, wife and myself individually as well as in group; one never knows what they might ask for. More than required numbers of copies of our marriage certificate, ration card, tax returns duly attested by gazetted officer were stacked at home. I had taken two months leave from office. Early in the morning, we would get up, visit different temples, offering our prayers. Every alternate day my wife was observing a fast. After we failed 'miserably' in one of the school tests she had avowed to undertake pilgrimage of all the four 'Dhams'. ""The school which has 'failed' us was as luxurious as a private heart care institute. All quiet. Although the test was very easy containing simple questions yet it remained a mystery how and why we couldn't make it."I had, with great efforts managed several recommendatory letters from local legislator to old 'pals' of the Princi but to no avail.""In all these schools, we could never come across face to face with the Principal. Thus, there was no close encounter of the third kind. Principals were either out of station or awfully busy while in station. So many times, we were fired "No" at a close range by PTI type persons that I was beginning to actually have nightmares. Night after night, I saw this dream. Dressed like a cowboy, I would gallop into Princi's chamber on a horseback and shoot non-stop even before he could press the bell to call the peon (obviously to throw me out)"In several schools, I came across the Princis who were more interested to know all about parents, the ministry or the industry they worked for than the child-to-be-admitted. Businessmen loitering in the corridors of schools with a check book in one hand and pan masala in the other were a common sight. Parents would dash straight from the beauty parlours. Who knows? Princi might 'fall' for sheer 'present ability' or good looks if not the good report card. The beauty parlours, particularly the ones in the vicinity of schools were doing brisk business. Parents were also known for indulging in lot of mumbo-jumbo. Many consulted the black magic practitioners. Children were made to drink 'holy water' before they entered the examination hall for admission test. City was agog with 'kirtans'And 'jagrans' through which gods were being approached to do the needful""Celebrations were galore. Band and music groups were doing shift duties like in a busy marriage season. Parents whose ward couldn't figure in the admission list of any respectable school had gone underground due to depression. De novo critical analysis was being done as to where the fatal 'slip' occurred. Detailed blue print for next year's 'dos and don'ts' was being debated furiously. The debate that was to keep them going till the next admission season.""So long!




दिल्ली विश्वविद्यालय देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है। छोटे शहर कस्बों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह किसी ख़्वाब की तरह है। आज मैं इसी विश्विद्यालय में पीएचडी कर रहा हूं। यह किसी सपने के पूरे होने जैसा है। आज से सात–आठ वर्ष पहले जब दिल्ली में आया था तो मेरे लिए सबकुछ नया था। अपने तमाम कांप्लेक्स के साथ मैं घबराया और डरा हुआ था। ऐसे में मेरा दाखिला आत्मा राम सनातन धर्म महाविद्यालय में होता है।

इस महाविद्यालय में प्रवेश लेना मेरे जीवन की सबस सुखद घटनाओं में से एक है। सुखद इसलिए की यदि यह महाविद्यालय ना मिलता तो बहुत संभव था कि मैं यह ना हो जो आज हूं। मेरा आशय हिंदी विभाग के गुरुओं से है। गुरुओं की शिक्षा, आशीर्वाद और स्नेह ने मुझमें आत्मविश्वास भरा, बड़े शहर के भय को मेरे अंदर से दूर किया। गुरु के रूप में मुझे डॉ० आशा पाण्डेय मैम, डॉ० रश्मि मैम, डॉ० रेणु बाला मैम, डॉ० अरविंद सर और सौभाग्य से प्राचार्य डॉ ज्ञानुतोष सर भी हमारे ही विभाग से थे, सभी विद्वान गुरुओं से पढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ। इनके शिक्षण का ही परिणाम था कि मैं तीन वर्षों तक अपनी कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करता रहा। दूसरे पर होने का एक फायदा यह रहा कि हमेशा पहला स्थान प्राप्त करने की कोशिश में और प्रयास करता रहा और यह प्रयास परास्नातक के अंतिम साल में आकर सफल हुआ जब मैंने हंसराज महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभाग की डॉ० रेणु बाला मैम और डॉ० अरविंद सर ने न सिर्फ मुझे पढ़ाया बल्कि एक इस अनजाने शहर में मेरे अभिवावक के रूप में मेरा मार्गदर्शन किया।

आदरणीय प्राचार्य के सर्वांगीण विकास के दृष्टिकोण के तहत महाविद्यालय में तमाम सोसाइटी सुचारु रूप से चलती हैं। मुझे भी इनका लाभ मिला। मैं दो वर्षों तक 'वेदांतारू वाद–विवाद समिति' का सदस्य रहा। तमाम बाद विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिससे बहुत कुछ सीखने को मिला। मंच से बोलने का भय दूर हुआ। किसी विषय पर तर्क वितर्क करने का कौशल सीखने को मिला। जिससे मैं कुछ जरूर परिमार्जित हुआ।

महाविद्यालय में समय समय पर विभिन्न विषयों पर अनेकों अंतः अनुशासनिक, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन भी होता है। जिसमें देश–विदेश के समकालीन तमाम विद्वानों को सुनने और उनके जरिए किसी विषय की समझ को कैसे बनाया जाए उन बारीकियों को जानने का अवसर प्राप्त हुआ।

किसी एक शिक्षण संस्थान में ये सारी बातें हों तो विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए पूरा अवसर मिलता है। मुझे भी मिला। अपने विषय की ठीक ठीक समझ के साथ–साथ, अपनी बात रखने की कला, किसी विषय को समझने की विधि, विषय पर तर्क करने का कौशल, मंच से बोलने का सऊर इसी महाविद्यालय ने सिखाया।

जो आत्मविश्वास मुझे इस महाविद्यालय से मिला उसी का परिणाम रहा की आगे पढ़ाई जारी रखने का हौसला बना पाया। परास्नातक में मेरा दाखिला उत्तरी परिसर में हुआ। वहां की लगभग साढ़े चार सौ विद्यार्थियों में मैं प्रतिस्पर्धा कर पाया उसका एकमात्र कारण था की स्नातक के दौरान मुझे मेरे गुरुओं ने मेरे विषय की समझ ठीक–ठीक बनाई थी। के दौरान भी परास्नातक के दौरान भी मुझे आत्मा राम सनातन धर्मा विद्यालय के गुरुओं का मार्गदर्शन मिलता रहा। जिसका परिणाम है। मेरा दाखिला दिल्ली विश्वविद्यालय के पीएचडी पाठ्यक्रम में हुआ।

इतने वर्षों तक इस विश्वविद्यालय के वातावरण में रहते रहते एक अपनेपन का भाव आ गया है। लेकिन पीछे मुड़कर देखता हूं तो यह आसान नहीं था। दिल्ली जैसे महंगे शहर में इतने वर्षों तक टिक कर अपने सपनो का पीछा करना मेरे लिए आसान ना था। आज मेरे पास जेआरएफ है। लेकिन जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाया उन्होंने अपने हिस्से का काटकर मुझमें जोड़ा है। सफर आज भी जारी है कुछ कुछ सीखना शुरू किया है बहुत कुछ बाकी रह रहा है। आशा है जिन्होंने चलना सिखाया है वे मुझे दौड़ना भी सिखाएंगे।

**सौरभ मौर्य**

**शोधार्थी (हिंदी विभाग,**

**दिल्ली विश्वविद्यालय)**

# कर्म-सेतु

वर्ष 2003 में जैसलमेर की भीषण गर्मी को पीछे छोड़कर मैं दिल्ली एक बहुत ही तनावपूर्ण शहर में पहुंचा, बिना किसी विशेषस्पष्टताके मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम में अपने प्रवेश के लिए फॉर्म भरने किसी न किसी कॉलेज के काउंटरों का पीछा कर रहा था। मेरे मन में किसी विशेष कॉलेज या परिसर का कोई आकर्षण नहीं था, इसके अलावा मुझे कहना होगा कि मैं कभी बहुत अंतर्मुखी था और अवांछित सामाजिकता करने में अनाड़ी था। नॉर्थ कैंपस या जेएनयू में एडमिशन लेने का विचार मेरे सपनों में भी नहीं था और न ही मुझे उनके अस्तित्व का कोई अंदाजा था। तथा उनके बारे में जानने वाले मेरे परिचित मूक साधु थे।

साउथ कैंपस के लगभग सभी कॉलेजों में जहां मैंने आवेदन किया था, मुझे शॉर्टलिस्ट किया गया था। लेकिन मेरी प्राथमिकताएं एआरेसडी कॉलेज इस तथ्य के कारण काफी स्पष्ट था क्योंकि यहाँ डॉ. वी. एम.झा सर के साथ मेरा एक बहुत ही शानदार कौसिलिंग सत्र हुआ थाय जिसे अभ्यास के रूप में अन्य कॉलेजों द्वारा पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया था। इतिहास विभाग प्रतिबद्धता, गंभीरता और ईमानदारी मांग रहा थातथा पूर्ण मार्गदर्शन कर रह था। मेरे जैसे व्यक्ति के लिए जो कभी पहले दिल्ली नहीं आया था और जिसका उच्च शिक्षा के संबंध में कोई मार्गदर्शन करने वाला नहीं था, उसके लिए यह बहुत महत्वपूर्ण था।

सत्र का पहला दिन 16 जुलाई काथा जब रैगिंग और मानसून साथ–साथ चल रहा था, हालांकि रैगिंग पर प्रतिबंध था लेकिन बारिश पूरी तरह से अपना काम कर रही थी। आगामी छात्र संघ चुनाव के प्रचार के चलते नवागंतुक मतधारक की रैगिंग नहीं हुई। इधर प्रियदर्शनी फ्लाईओवर और हमारी तकदीर धौलकुवाँ की धूल में साथ–साथ बननी और चमकनी थी।

इस कॉलेज में पहला सबक जो मैंने सीखा वह कक्षा में नहीं बल्कि डिपार्ट्मन्ट रूम के गलियारे में कक्षा के बाद था जब वी.एम. झा सर ने हमें पुस्तकालय में बैठने की आदत विकसित करने के लिए कहा। श्शुरू मे सीट चुभेगी बाद में आदत बन जाएगी और लाइब्रेरी में बैठने से ही फायदा होगा।श यह पंक्तियाँ मुझे आज भी याद हैं। इसके बाद मेरी दिनचर्या में एक और चीज शामिल हुई, कि में अपना एक घंटा पुस्तकालय में बिताऊंगा। भविष्यवाणी सही सिद्ध हुई, अब मैं पुस्तकालय के लिए इतना अभ्यस्त हो गया था कि मैं इतिहास विषय की सभी पुस्तकोंसभी अलमारियों उनकी कतारों को जानता था। अजीत सर को धन्यवाद जिन्होंने अतिरिक्त पुस्तकें जारी करने के लिए बुक ऐड की व्यवस्था की। दूसरा महत्वपूर्ण सबक जो डॉ. वी.एम. झासर द्वारा प्राप्त हुआ वह यह की हमें किसी भी व्यक्ति या स्थितियों का आत्मनिरीक्षण और पुनरावलोकन करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इससे काफी लाभ हुआ।

मेरे सहपाठीयों के बारे में एक बात अच्छी थी, कि सब के सवाल, संदेह और मतभेद थे, कक्षा हमारी रणभूमि थी,इस जुबानी जंग कोपरध्यापकों द्वारा उचित दिशा देकर हमेशा हमे प्रोत्साहित किया गया।

उदारवाद और निजीवाद की प्रबल होती नीति के रहते भी दिल्ली विश्वविद्यालय में क्रांतिकारी रूसी इतिहासपढ़ाने वाले हम चुनिंदा कॉलेज मे से एक थे। डॉ. ब्रह्मानंद सर ने सभी जटिल विषयों को

इतने विस्तार और सरल तरीके से पढ़ाया कि किताब की कभी जरूरत ही नहीं पड़ी।हमे केवल उनके द्वारा ब्लैकबोर्ड का वह शानदार इस्तमाल ही पर्याप्त था। उन्होंने वोल्गा और गंगा की धाराओं से आधुनिक क्रांतियों की कोंपलें हमारे मनमस्तिष्क में सींची थी।

डॉ. पी. अजिता इतनी मेहनती शिक्षिका थीं और हमें लगभग हर चीज से परिचित कराती थीं, उनकी शिक्षण सामग्री स्नातक से ज्यादा मुझे स्नातकोत्तरमें काम आई। हमारे लिए अजीत सर एक सलाहकार थे और अब भी हैं, वह हमारी स्थिति को पूरी तरह से जानते थे और हमेशा ऊर्जा से भरे हुए थे, वह कक्षाओं के परे भी सबकी मदद करने के लिए हमेशा तैयार थे। उनके महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी दृष्टिकोण ने हमारे कॉलेज में इतिहास विभाग को एक विशेष स्थान प्रदान किया है।वहीं डॉ. रेणु बहुगुणा जी ने जीवन में शिष्टता और धैर्य के संतुलन के साथ आगे बड़ने की प्रेरणा दी।

2007 में एम.ए. इतिहास की क्लास में महसूस हुआ की हमरी नीव कितनी मजबूत थी। इतिहास अध्ययन की दृष्टि, और विधा में हमे अच्छे–अच्छे कॉलेज वालों से ज्यादा मौलिक औरप्रशिक्षित थे। अपनी समस्याओं को जानना और उनके समाधान खुद निकालना, विफलता से न डरना इस संस्कार का विकास तो ए.आर.एस.डी. कॉलेज में ही हुआ था।

वर्ष 2017 में मुझे ए.आर.एस.डी. में पढ़ाने का अवसर मिला। 2006 के बाद 2017 तक कॉलेज ने बहुत प्रगति कर ली थी। कॉलेज का भौतिक आकर्षण बड़ा गया था और इतिहास विभाग में बहुत सकारात्मक बदलाव हुए। कॉलेज में यह एक बहुत अच्छा अनुभव था, लगा कॉलेज रूपी वृक्ष का एक फल तैयार हुआ, अपने शिक्षकों के साथ पढ़ाना हमेशा गौरवांगीत करता है।यह एकही समय में अतीत और वर्तमान का एक साथ ही सामनाकरने जैसे था। मैंने देखा कि ए.आर.एस.डी. कॉलेज ने काफी तरक्की की थी। कॉलेज के बुनियादी ढांचे में अब अत्यधिक वृद्धि हो गईहै और इतिहास विभाग में कई सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं, छात्रों की गतिविधियों में काफी वृद्धि हुई है।

इस कॉलेज से मुझे न सिर्फ विशिष्ट विषय में कुछ कौशल प्राप्त हुए बल्कि एक नागरिक और मनुष्य के रूप में इसने मुझे विवेक और प्रगति के मार्ग की और अग्रसर किया, यह कॉलेज नई दुनिया से जोड़ने का मेरा कर्म सेतु बना।

**बी०ए० इतिहास (विशेष)**

**सत्र 2003–2006**

**डॉ० दीपक कुमार**

**सहायकप्राध्यापक(इतिहास)**

**डिग्री कॉलेज चमोली,उत्तराखंड.**



मेरा नाम सीमा कुमारी साव है और वर्तमान में, मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग मेंपीएचडी के लिए  शोधरत हूँ। महाविद्यालय में मेरा प्रवेश, वर्ष 2012 में हुआ द्य उन दिनों बच्चे 12वीं कक्षा में ही अपनी पसंद का महाविद्यालय तय कर लेते थे। उस समय महाविद्यालय में प्रवेश प्रतिशत के आधार परहोती थी,प्रवेश पाने के लिए12वीं में मेहनत कर अपना प्रतिशत बनाते थे। मेरी 12वीं तक की शिक्षा सरकारी बालिका विद्यालय हिंदी माध्यम में हुई। बचपन से हिंदी (कहानी, कविता के कारण )प्रिय विषय भी रहा और 9वीं–10वीं कक्षा से उपन्यासों की दुनिया से परिचय हुआ ,इस तरह हिंदी विषय ही मेरी प्राथमिकता रही ।ऐसे में महाविद्यालय में मेरा हिंदी लेना पहले से तय था और मेरे इस फैसले ने मुझें मेरे आगामी जीवन की सबसे खूबसूरत सौगात दी जो महाविद्यालयऔर आदरणीय गुरुजन हैं।

यह बात वैसे भी अन्य महाविद्यालयों में भी आपको सुनने को मिल जाएगा कि 'आत्मा राम सनातन धर्म महाविद्यालय' का हिंदी विभाग अत्यंत परिष्कृत और प्रतिभासंपन्न हैमहाविद्यालय के प्रांगण में रहते हुए ही मैंने एन. सी. सी. सर्टिफिकेट प्राप्त किया, स्टेट लेवल कैम्प के साथ साथ नेशनल कैम्प(बैंगलोर) भी किया। महिला एन.सी.सी सीधे महाविद्यालय से न होकर सीधे तौर पर एन. सी.सी. यूनिट से ही जुड़ा हुआ था, इस वजह से कई बार कक्षाओं का नुकसान भी उठाना पड़ता था। उसकी कमी प्राध्यापक और मित्र ही पूरा करते थे। गुरुजन तो हमेशा अपने सभी छात्रों को साथ ले कर चलते थे। महाविद्यालय ने गुरुजनों के साथ अच्छे मित्र भी दियेवो निराला की श्स्नेह निर्झर बह गया है। कक्षाएँ, वो भाषा में शब्द शक्तियाँ की कक्षाएँ, वो विशेष अनुशासन में महादेवी के संस्मरण–रेखाचित्रों की कक्षाएँ , वो कबीर के दोहों की असीमित व्याख्यायें, वो रंगमंच की कक्षाएँ .... इन सब के बीच जीवन का सुनहरा दौर कब गुजर गया पता नहीं चला कुछ। वो कविताओं की व्यख्या कक्षा में ही याद हो जाना, विशेष अनुशासन की कक्षाओं में सेमि–अटेंडेंस का डरउस वर्तमान समय मे परेशानी  से लगते हैं, लेकिन दरअसल वो हमारे भविष्य का सृजन कर रहे होते हैं, यकीन मानिये अगर आप मेरे महाविद्यालय में पढ़ने आ रहे है तो बहुत सौभाग्यशाली है,क्योंकि सिर्फ महाविद्यालय में पढ़ने के दौरान ही नहीं, जीवन के सफर में आगे बढ़ने के बाद भी महाविद्यालय आपको ऊर्जा, उचित मार्गदर्शन, पूर्णसकारात्मक सहयोग आपके लिए हमेशा रखता है । महाविद्यालय की आत्मा यहाँ के प्राध्यापक हैं जो लगातार अपनी ज्ञान की ज्योति से हमारे महाविद्यालय को रोशन करते रहते हैं उस रोशनी में हम सब अपना जीवन गढ़ते हुए आगे बधते है सुनहरे भविष्य की कामना लिएमेरे संघर्ष के दिनों में मेरे साथ सिर्फ ये महाविद्यालय और आदरणीय गुरुजन ही थे । ठीक कुम्हार की तरह अंदर से सहारा देते हुए बाहर चोट करते हुए गढ़ते रहे हैंमेरे जीवन मे कबीर जी के गुरु के दोहे चरितार्थ होते हैं–

**गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट ।**
**अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट ।।**

मेरे अध्ययन के समय हमारे महाविद्यालय का ढांचा पुराना था, महाविद्यालय निर्माणाधीन था इस वजह सेअन्य महाविद्यालय के प्राध्यापक व बच्चे महाविद्यालय की बहुत आलोचना करते थे इस पर बहुत बार मेरी बहस

भी हो जाया करती थी, पर खुशी की बात ये रही कि जल्दी ही महाविद्यालय का निर्माण कार्य गति के साथ शुरू हो गया। प्रोफेसर ज्ञानतोष झा सर उप–प्राचार्य से प्राचार्य बने और इसी के साथ महाविद्यालय का नया दौर भी आरंभ हो गया। उस पुराने आधार को नींव बना कर नए ढांचागत रूप का निर्माण कार्य शुरू हुआ और समय के साथ महाविद्यालय एक पूर्ण कैम्पस के रूप में विकसित हो गया। आज का आत्मा राम सनातन धर्म महाविद्यालय अपने नाम पहचान से जाना जा रहा है, इस बात का प्रमाण है NIRF की रैंकिंग । महाविद्यालय की पहचान बदल गई और शीर्ष के महाविद्यालयों की पंक्ति में आज हमारा महाविद्यालय भी खड़ा है। इस प्रकार उत्तरोत्तर हमारे महाविद्यालय का विकास हुआ है । शिक्षा के साथ – साथ अन्य और बहुत से कार्यक्रमों के मंच जैसे रंगायन, संगीत, नाटक मण्डली, खेल, छब्ब, लेखन इत्यादि हैं । इन सब मंचों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के साथ बाहरी दुनिया से जुड़ते हुए अपने देश व समाज की वास्तविक स्थितियों से परिचय भी होता है , इस प्रकार बौद्धिक विकास के भरपूर अवसर प्रदान करता है महाविद्यालय।जब कोई बागान बहुत खूबसूरत होता है तो बागान की खूबसूरती को निहारते हुए हमें बागान के माली की दूरदर्शिता, मेहनत विशेष तौर याद रखना चाहिए। महाविद्यालय इसी प्रकार का बागान है , जहाँ प्राध्यापक देश का भविष्य गढ़ते है। आज मैं जहाँ हूँ उसका श्रेय मैं अपने महाविद्यालय व गुरुजनों को देना चाहूंगी। गुरुजनों से मिले संस्कार, उचित मार्गदर्शन, व्यवहारिक अनुशासन , शिक्षा , ज्ञान , स्वतंत्र बौद्धिक विवेक इत्यादि के लिए मैं महाविद्यालय परिवार और गुरुजनों की हमेशा ऋणी रहूँगी निश्चित ही इस महाविद्यालय में पढ़ने वाला/पढ़ा हुआ प्रत्येक विद्यार्थी सौभाग्यशाली हैं तथा गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमने ए.आर.एस.डी. कॉलेज से पढाई की है जिसका अपना विशेष पहचान है न की वेंकी के बगल में है, ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हमारा कॉलेज साऊथ का सर्वश्रेष्ट कॉलेज और दिल्ली विश्वद्यालय के महाविद्यालयों में श्रेष्ठ महाविद्यालय है।

**सीमा कुमारी साव**
**शोधार्थी, हिंदी विभाग**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**बैच –2012–2015**
**मो – 8010456606**

मेरा नाम अविनाश बनर्जी है और मैं 2014–2017 बैच का विद्यार्थी हूँ । मुझे वर्ष 2014 में महाविद्यालय में पढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ । मैं गणित विषय का छात्र था और मेरा चयन श्रम्भ के द्वारा छप्ञ् में हुआ था जिसे छोड़कर मैंने हिंदी ऑनर्स लिया था क्योंकि गणित विषय की भांति ही हिंदी मेरा प्रिय विषय रहा है । चूँकि मैं छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल से आया था तो यह डर था कि बड़ा शहर है, बड़ा महाविद्यालय है,वहां मेरा क्या होगा ? कैसे होगा ? मैं कैसे सरवाइव कर पाऊंगा ? आदि–आदि । जब मैंने प्रवेश लिया था तो एक पल के लिए लगा कि कहां आ गया क्योंकि महाविद्यालय निर्माणाधीन था, किसी को जानता नहीं थाऔर रैगिंग के बारे में भी सुना हुआ था, स्वाभाविक सा एक डर जहन में था। लेकिन जब महाविद्यालय में कुछ दिन बिता तो लगा कि मैं जो सोचता था वैसा कुछ भी नहीं है । प्यारे – प्यारे मित्र मिले, उचित मार्गदर्शन और आशीर्वाद देने वाले मेरे गुरुजन मिले जिन्होंने ऐसी शिक्षा दी कि आज मैं अपने आप को सफल इन्सान बना पाया।

मैं स्वयं को सौभाग्यशाली समझता हूं कि मुझे ऐसे गुरुजन मिले और इस महाविद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला । महाविद्यालय परिवार और मेरे शिक्षकों ने मुझे बहुत कुछ दिया है ।मेरे नजर में यह महाविद्यालय शिक्षा, संस्कार, अनुशासन, और मार्गदर्शन से परिपूर्ण है साथ ही कॉलेज सभी विद्यार्थियों को विभिन्न तरह का मंच प्रदान करता है जिसमें वाद–विवाद, भाषण, कला, संगीत, अभिनय इत्यादि हैं महाविद्यालय परिवार और मेरे गुरुओं के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से ही मैंने प्रथम वर्ष में मिस्टर फ्रेशर का खिताब लिया, महाविद्यालय की पत्रिका उदयाचल का तीनों वर्ष छात्र संपादक रहा, हिंदी विभाग की पत्रिका समन्वय का दो वर्षों तक छात्र संपादक रहा, तीनों वर्ष छात्र प्रतिनिध के रूप में रहा, अध्ययन के दौरान तीनों वर्ष महाविद्यालय में अपनी कक्षा का टॉपर रहा, बेस्ट स्टूडेंट का खिताब भी मिला, अन्तिम वर्ष पूर्ण होने पर जब विदाई हुई तो मिस्टर फेयरवेल का खिताब भी मिला। मैं सौभाग्यशाली रहा हूं कि जैसा मैंने प्रारंभ किया था मिस्टर फ्रेशर बनकर कर ठीक वैसे ही मेरी विदाई मिस्टर फेयरवेल के साथ हुआ । महाविद्यालय के सहयोग और गुरुजनों द्वारा प्रदत्त शिक्षा, ज्ञान, मार्गदर्शन, अनुशासन और संस्कार से अपने विषय में दिल्ली विश्वविद्यालय टॉपर बनकर अपने महाविद्यालय, गुरुजनों, अपने माता पिता और अपने अंचल का नाम रोशन करने का सौभाग्य मिला । इसके लिए मैं महाविद्यालय परिवार, हिंदी विभाग और मेरे गुरुजनों को सादर प्रणाम के साथ धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि मुझे इस काबिल बना दिया, जिससे मैं एक अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण कर सका और आज दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से पीएचडी करने का अवसर मिला ।

3 वर्ष महाविद्यालय में कैसे बीता पता ही नहीं चला । कभी घर की कमी महसूस हुई ही नहीं, गुरुजनों ने माता–पिता की कमी भी महसूस होने नहीं दी, हमेशा से मेरा पथ प्रदर्शित करते रहे और आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि मैं सही जगह आया था मुझे उचित मार्गदर्शन, शिक्षा, संस्कार, अनुशासन सब प्राप्त हुआ । आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि इस महाविद्यालय का छात्र था और हमेशा रहूँगा। वर्तमान समय में भी मुझे अपने महाविद्यालय से, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ज्ञानतोष कुमार झा सर से, मेरे गुरुजनों से उतना ही स्नेह, सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है । एक समय था जब आत्माराम सनातन धर्मं कॉलेज को फुटहा (टुटा–फूटा हुआ) कॉलेज या वेंकी के बगल में कॉलेज कहा जाता था लेकिन आज ए.आर.एस.डी. कॉलेज का अलग ही पहचान है और वर्तमान में पुरे दिल्ली विश्वद्यालय और NIRF रैंकिग में परचम लहरा रहा है। 2014 से वर्तमान तक महाविद्यालय ने जो विकास किया है उसके हम साक्षात् गवाह हैं कि महाविद्यालय ने किस प्रकार

तरक्की की हैजो हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य, महाविद्यालय परिवार और गुरुजनों के मेहनत की देन है । महाविद्यालय में पढने वाला प्रत्येक विद्यार्थी आज यह गर्व के साथ कह सकता है कि मैं आत्माराम सनातन धर्म का छात्र रहा हूँ।

मेरे नजर में यह महाविद्यालय ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित करने वाला वह महाविद्यालय है, जो अपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ उचित अनुशासन, मार्गदर्शन और संस्कार पूर्ण रूप से प्रदान करता है । मेरी नजर में यह महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रेष्ठतम महाविद्यालयों में से एक है और साउथ कैंपस के महाविद्यालयों में सबसे श्रेष्ठ महाविद्यालय है।

**अपने गुरुजनों को सादर प्रणाम करते हुए उनके लिए कुछ पंक्तियां –**


गुरु शब्द ही महान है, गुरु ही जहान है
चांद की चांदनी, सागर की लहरें
पुष्प की सुगंध, दीपक की रोशनी
तारों की चमक, बच्चों की मुस्कुराहट
निष्कपट आशीर्वाद, गुरु शब्द का नाम है
गुरु शब्द ही महान है, गुरु शब्द ही महान है ।

**महाविद्यालय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शुभकामनाओं के साथ कुछ पंक्तियां –**

''आशीर्वाद ! हर पल, हर क्षण, मिलता रहे
प्रतिभा से यह प्रांगण सजता रहे
इस महाविद्यालय की पावन जमीं पर
ज्ञान का दीपक जलता रहे''

**अविनाश बनर्जी**
**शोधार्थी, हिंदी विभाग**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**बैच – 2014–2017**
**मो – 9821239805**

# संस्कृति में बने रहने से ही बनते हैं अच्छे संस्कार



संस्कृति बचाओ समिति के अध्यक्ष सी.एस.दलाल ने कहा कि जीवन में सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य संस्कृति में रहना है। संस्कृति के गुण जिस इंसान में आ जाते हैं वो अपनी माँ, बाप, गुरु, समाज की हमेशा इज़्ज़त करता है। आज अगर हम अपनी संस्कृति–सभ्यता का जिक्र करें तो मैं समझता हूँ कि संस्कृति को हम भूलते जा रहे हैं। हमारे देश की संस्कृति में हम गाय को पहली रोटी देते आए हैं, बुज़ुर्गों का हमेशा सम्मान करते आए हैं। नारी को हमेशा सम्मान देते आए है। ईर्ष्या को छोड़कर प्यार से रहते आए हैं। दीवाली, दहशरा, राखी, होली आदि त्यौहार मनाते आए हैं। जानवरों को खाना व पानी पिलाते आए हैं। सत्संग, कीर्तन शिक्षा देने वाले शिक्षक का आदर करते आए हैं लेकिन आज इन तमाम बतातों में मैं समझता हूं कि काफी गिरावट आई है हम अपनी संस्कृति के संस्कारों को कम करते आ रहे हैं। गायों को दीवाली व गोवर्धन पूजा पर इतना सजाया जाता है था कि देखते ही बनता था और गाय की भारत में पूजा होती थी। पर आज गाय सड़द्ये पोलिथीन खाने को मजबूर है। समाज में बुज़ुर्गों का सम्मान रहा है लेकिन बड़ा आश्चर्य यह है कि युवक बुज़ुर्गों को घर से तीर्थ कराने के बहाने लाता है और रेलवे स्टेशन पर छोड़ कर भाग जाता है, प्रॉपटी के चक्कर में अपने बुज़ुर्गों का गला घोंट देता है, घर में बुज़ुर्गों को कैर कर देता है। नारी को सम्मान देना तो दूर, जुल्म की आँधी मचाते है, आए दिन घर में झगड़ा मचाते हैं, ईर्ष्या, जलन इतनी बढ़ गई है कि इंसान इंसान को देखकर खुश नहीं होता, दूसरों के सुख को देखकर ईर्ष्या में रहता है। त्यौहार इंसान को याद ही नहीं रहते कि आज हमारे देश में कौन सा त्यौहार है, ना त्यौहार जैसी उमंग दिखाई देती है। जानवरों को डंडों से मारना कहाँ की संस्कृति है, बहन–बेटी को अपशब्द कह देना कहाँ का संस्कार है। धार्मिकता में न रहकर नशे में रहना कहाँ की संस्कृति है अतिथि का सत्कार करने की बजाए अपमान करना कहाँ का संस्कार है, गुरूओं का आदर न करके अपमान करना कहाँ की संस्कृति है, पुण्य को छोड़ पाप करना कहाँ का संस्कार है। शिक्षक का मजाक उड़ाना कहाँ की संस्कृति है। भिखारियों व गरीब आदियों को मारना या गाली–गलौच देना कहाँ का संस्कार है। मैं तो अपने समाज से यही कहूंगा कि हमारे बुजुर्ग बड़े समझदार थे जिन्होंने इस संस्कृति में रहकर एक अच्छे संस्कार हमें सिखाए। हमें उन संस्कारों को आगे बढ़ाना चाहिए न कि घटाना चाहिए। इसलिए हम सब देशवासियों का कर्त्तव्य बनता है कि हम संस्कृति में रहे, अच्छे संस्कार अपने बच्चों को दें तभी तो :

संस्कृति बची तो संस्कार बचेंगें, घर–घर में खुशियों के फूल
खिलेंगे। बुज़ुर्गों को होगा सम्मान, तभी बनेगा,
भारत देश महान।

चतर सिंह दलाल,
गोयला खुर्द
9818076314 (1978) बी.एड
Pol. sciecne (H)



मेरा नाम घनश्याम कुमार भारती है। मेरा नामांकन वर्ष 2016 में बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी में ARSD कॉलेज में हुआ और 2019 तक यहां मुझे अध्ययन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वर्तमान में मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में एम. फिल. में अध्ययनरत हूं। त्वि कॉलेज मेरे लिए सिर्फ एक कॉलेज नहीं बल्कि मेरे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा है। 12वीं के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययन हेतु दिल्ली आया तो यहां की चकाचौंध देखकर हक्का– बक्का रह गया था। विभिन्न कालेजों में एडमिशन के लिए आपाधापी करते हुए जा पहुंचा त्वि कॉलेज जहां के शिक्षकों के सहयोग और मार्गदर्शन से मेरा नामांकन हो सका। सच कहूं तो मेरे जीवन और व्यक्तित्व के निर्माण का वास्तविक शुरुआत यहीं से हुआ। मेरा यह कॉलेज सच में बहुत सुंदर और विभिन्न क्रियाकलापों के कार्यान्वयन में अद्भुत है। यहां के शिक्षक अत्यधिक सहृदय और मिलनसार हैं। वह सभी हमें कक्षा एवं कक्षा के बाहर से जोड़ते हैं और हमारा ज्ञान वर्धन और मार्गदर्शन करते हैं। हिंदी एवं अन्य कई विषयों के शिक्षकों का प्यार और आशीर्वाद मुझे मिला है। यह कॉलेज हम सभी को विभिन्न तरह का मंच प्रदान करता है जिसमें खेल, विज्ञान, समाज सेवा, राजनीत, अभिनय, नृत्य एवं वाद–विवाद की कला से हमें निपुण बनाता है। ' जिसकी जितनी क्षमता उसकी उतनी उड़ान'। मैं यहां पर महाविद्यालय एवं विभाग के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, राजनीति एवं वाद–विवाद के मंच से स्वयं को जोड़ पाया जिससे मुझे बहुत कुछ सीखने एवं करने को मिला । अगर मैं इसके इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करूं तो मुझे आज भी याद है कि जब मेरा नामांकन 2016 में हुआ तो उस समय दूसरे तल का मरम्मत और तीसरे तल का निर्माण कार्य चल रहा था। हमारे आगे बढ़ने के साथ–साथ मेरा यह कॉलेज भी बहुत तेजी से आगे बढ़ा। एक बहुत ही सुंदर कैंपस हम सभी को प्राप्त हुआ। यहां के शिक्षक, इस कॉलेज की बिल्डिंग एवं फूल पत्तियों तथा बागानों से मेरा बहुत ज्यादा स्नेह है। आज मेरा यह कॉलेज अपने सुंदर वातावरण और ज्ञान की खान होने के कारण देश के छप्त्थ रैंकिंग में अपना परचम लहरा रहा है। यकीनन इस बात को स्वीकार करना पड़ेगा कि हम सभी के जीवन और महाविद्यालय के इस मुकाम तक पहुंचने में हमारे प्रिंसिपल श्री ज्ञानतोषझा सर का बहुत बड़ा योगदान है। मैं जीवन भर अपने कॉलेज का ऋणी रहूंगा। मैं स्वयं को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अध्ययन के लिए ARSD कॉलेज मिला।

घनश्याम कुमार भारती
एम.फिल. हिंदी, हिंदी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

# महाविद्यालय के साथ मेरे अनुभव



**विद्या ददाति विनयं विनयाद्यति पात्रताम्।**
**पात्रत्वाध्दनमाप्नोति धनाध्दर्मं ततः सुख्।।**

अर्थात् "विद्या हमें विनम्रता प्रदान करती है। हमें विनम्र बनाती है, विनम्रता से योग्यता प्राप्त होती है और योग्यता से हमें धन प्राप्ति होती है जिससे हम धर्म के कार्य करते हैं और हमें सुख की प्राप्ति होती है"। यह श्लोक और यह शब्द मैं कभी नहीं भूल सकता क्योंकि इसकी बड़ी वजह यह है कि श्लोक और यह शब्द कहे गये थे आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय के अभिविन्यास कार्यक्रम (ओरियंटेशन प्रोग्राम) में महाविद्यालय के प्राचार्य और मेरे गुरु समान शिक्षक प्रोफेसर ज्ञानतोष कुमार झा के द्वारा। मेरे लिए गर्व की अनुभूति है कि जब मेरा दाखिला स्नातक 'हिन्दी विशेष' में 2016 में महाविद्यालय में हुआ उसी वर्ष हमारे महाविद्यालय को NIRF रैंकिंग भारत सरकार द्वार पांचवा स्थान प्राप्त हुआ था। यह मेरे लिए अपितु सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों व महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों के लिए भी गर्व का विषय था। यह परिणाम था हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ज्ञानतोष कुमार झा की मेहनत और लगन का। तब से लेकर आज तक महाविद्यालय की सफलता का यह सिलसिला चलता आ रहा है। किसी भी संस्था या महाविद्यालय की सफलता के पीछे किसी एक व्यक्ति का नहीं अपितु हर उस व्यक्ति का हाथ होता है जो महाविद्यालय से जुड़ा होता है। यह सब उस प्रक्रिया का हिस्सा हैं जब आज हमारा महाविद्यालय विश्व और देश में अपनी अलग पहचान बना रहा हैं

मैं अपने आप को खशुकिस्मत मानता हूं कि मुझे 2016 से 2021 तक आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय का छात्र बनने का मौका मिला। यह 5 साल मेरे जीवन के बेशकमती साल थे। जिसमें 3 वर्ष स्नातक और 2 वर्ष परास्नातक के शामिल हैं। इन 5 वर्षों में मुझे बहुत कुछ सीखने और समझने का मौका मिला। इन पाँच वर्षों में मेरी वैचारिकी मजबूत हुई या कहें कि आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय ने ही मुझे गढ़ा है। अब बात करते हैं महाविद्यालय के शिक्षकों की जिनसे मुझे पढ़ने का सौभ्म्य प्राप्त हुआ। कबीर ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए था कि –

**गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागों पाँय**
**बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय।'।**

अर्थात "यदि गुरु और ईश्वर दोनों साथ खड़े हो तो किसे पहले प्रणान करना चाहिए ? कबीर कहते हैं कि गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर है क्योंकि गुरु शिक्षा के कारण ही भगवान के दर्शन होते हैं।" कबीर के दोहे से गुरु शिक्षक का महत्व समझा जा सकता है। मैं मानता हूं कि शिक्षक का पहला कर्तव्य होता है एक बेहतर समाज की स्थापना करना। जिसमें जाति, धर्म, लिंग, वर्ण–वर्ग रंग संप्रदाय आदि के आधार पर किसी के साथ भेदभाव न हो। शिक्षक नए नये समाज की नींव रखता है और देश की दिशा व दशा बदलने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मामले में मैं काफी खुशकिस्मत हूं क्योंकि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ज्ञानतोष कुमार झा सर से पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शिक्षक का सबसे बड़ा कर्तव्य होता है। अपने छात्रों को सत्यनिष्ठ और ईमानदान बनाना। ज्ञानतोष सर से जब भी मिलता था। तो सर हजारी प्रसाद द्विवेदी का यह कथन जरूर बोला करते थे। "सत्य के लिए किसी से भी ना डरना। गुरु से भी नहीं, मंत्र से भी नहीं, लोक से भी नहीं, और वेद से भी

नहीं'' द्विवेदी जी का यह कथ्न है उनके उपन्यास बाणभट्ट की आत्मकथा का जो प्रत्येक मनुष्य के जीवन का सार है।

शिक्षकों के रूप में सभी शिक्षक काफी अच्छे मिलें लेकिन जिन से मुझे सीखने और समझने का मौका मिला। जिनसे मैं प्रभावित हुआ उनमे शामिल हैं डॉ. रेणुबाला, डॉ. आशा पाण्डेय, डॉ. रश्मि बहल, डॉ. अरविन्द मिश्रा और डॉ. गीता देवी जिन्हें मैं प्यार से गीता मां कहता हूँ। सभी शिक्षक बहुत अच्छे मिले। शिक्षक सड़के समान होता है वह स्वयं तो वहीं रहता है लेकिन अपने छात्रों को उनकी मंजिल पर पहुंचा देता है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि मेरे शिक्षक हमेशा स्वस्थ और सेहतमंद रहें।

आज जब मैं अपने महाविद्यालय के अनुभव आपसे साझा कर रहा हूं तो अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। क्योंकि इस वर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है और हमारा महाविद्यालय भी नई–नई ऊंचाईयों को छू रहा है और अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे कर चुका है। आज जब दिल्ली विश्वविद्यालय से पीचडी कर रहा हूं तो इसमें सबसे बड़ी भूमिका महाविद्यालय की है। मेरी ईश्वर की प्रार्थना है कि हमारा महाविद्यालय ऐसे ही नई–नई ऊंचाईयों को छूतारहें। इसी के साथ एजाज रहमानी की शायरी के माध्यम से अपनी बात समाप्त करता हूं।

**अभी से पांव के छाले ना देखो।**
**अभी यारों सफर की इब्तिदा है।।**

**मोहम्मद आजम**
**छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय**
**(पीएचडी रिसर्च स्कॉलर हिंदी)**

## Organising Committee

**Ajeet Kumar (Convener)**
**Rosy Sinha**
**Rajkumar Bhagat**
**Deepankar**
**Ravinder Pant**

# ATMA RAM SANATAN DHARMA COLLEGE

(UNIVERSITY OF DELHI)


Dhaula Kuan, New Delhi - 110021
011-24113436, 24117508, 24111390

principal.arsdcollege@gmail.com
arsdalumni01@gmail.com

principal@arsd.du.ac.in
alumni @arsd.du.ac.in

www.arsdcollege.ac.in

http://arsdalumni.org